दिन–शनिवार   दिनांक– 24 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।   अवधिः– 05 मिनट

जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश कमिटी और सलाहकार समिति को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने आज इस सम्बंध में पत्र जारी किया है। हालांकि पत्र में इस फैसले का कारण स्पष्ठ नही किया गया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष मार्च में जदयू की जम्बो प्रदेश कमिटी बनाई गई थी जिसमें बीस उपाध्यक्ष, एक सौ पाँच महासचिव, एक सौ चौदह प्रदेश सचिव और ग्यारह प्रवक्ता समेत दो सौ साठ सदस्य शामिल किए गए थे।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रदेश में उद्यमियों को बढ़ावा देकर आर्थिक विकास का लक्ष्य प्राप्त करने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। श्री कुमार ने पूर्णिया में विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली हाट की तर्ज पर विकसित किये जा रहे मिथिला हाट का निरीक्षण किया। उन्होंने जीविका, मखाना आधारित उद्योग, बियाडा में चल रहे उद्योग, ई शिक्षा जैसे सफल कई उद्योग धंधों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने काझा कोठी में तीन बार मुख्यमंत्री रहे भोला पासवान शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने काझा कोठी से पूर्णिया के नवनिर्मित आठ थाना का उद्घाटन भी किया ।

————————————————————

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लिए नौ हजार दो सौ सैंतालीस लाभुकों का चयन किया गया है। पटना में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा और पिछड़ा तथा अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी की मौजूदगी में कंप्यूटर रैंडमाइजेशन पद्धति से चयन प्रक्रिया पूरी की गई। चयनित लाभुकों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह एक सौ तेरहवीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चैनल, डी डी न्यूज, पी एम ओ और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जाएगा।

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से विभिन्न स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज गया और मुंगेर जिले में कुछ भागों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है। वहीं, कैमूर, रोहतास, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण और गोपालगंज जिले में कई स्थानों पर अगले दो दिनों के दौरान बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————————

बेतिया रेलवे स्टेशन पर आज भारत गौरव यात्रा ट्रेन को पश्चिम चम्पारण के सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन श्रद्धालुओं को दो धाम और छह ज्योतिर्लिंग का दर्शन कराते हुये बारह दिनों में वापस आयेगी। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा की यह भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत धर्मावलंबियो को प्रमुख तीर्थस्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है।

———————————————————————————

शिवहर के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या एक सौ चार पर देकुली धरमपुर के पास ट्रक और ऑटो की टक्कर में ऑटो पर सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज शिवहर सदर अस्पताल में जारी है।

———————————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित बारह सौ तीस टेबलेट और साठ लीटर शराब के साथ एक दर्जन से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से छह मोबाइल, और एक बाइक जब्त किया गया है।

———————————————————————

समाप्त